श्री बगलामुखीतत्त्व विमर्श

(श्रीसुक्त एवं बगला कवच सहित)

श्री बगलामुखी देवी

लेखक

डॉ. लक्ष्मीनारायण शास्त्री

संदेश

श्रीमती वसुन्धरा राजे

मुख्य मंत्री राजस्थान

माननीय डॉ. शास्त्री जी मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि आपके द्वारा लिखित 'बगलामुखी-तत्त्व-विमर्श' ग्रन्थ का प्रकाशन राजस्थान वैदिक तान्त्रिक शोध संस्थान, जयपुर द्वारा प्रकाशित हो रहा है।

मेरा मानना है कि सर्वोत्तम सिद्धि तो यह है कि जीव मात्र में हमें शिव के दर्शन हों और सबके प्रति निःस्वार्थ सेवाभाव से शुभ कार्य करने की सतत् प्रेरणा हमारे मन में बनी रहे।

तन्त्र साधकों एवं उपासकों के लिए इस ग्रन्थ में षट्कर्मो का वर्णन और तन्त्र शास्त्रों में निहित विधि विधानों का प्रतिपादन किया गया है। आशा है, भावी पीढ़ी के लिये यह पुस्तक उपयोगी रहेगी।

शुभकामनाओं सहित,

सद्भावी

वसुन्धरा राजे

For Worded Free of Cost, With,
The Compliments of Rashtriya
Sanskrit Sansthan, New Delhi.

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान
पुस्तकालय
परिग्रहण सं. 23727
दिनांक 16.06.08

"श्री बगलामुखीतत्त्व विमर्श"

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान
पुस्तकालय
परिग्रहण सं. 23727
दि. 16.06.08
नई दिल्ली

लेखक

डॉ. लक्ष्मीनारायण शास्त्री

"श्री बगलामुखीतत्त्व विमर्श"

।। श्री बगलामुखी देवी।।

"श्री बगलामुखीतत्त्व विमर्श"

सर्वाधिकार सुरक्षित © लेखक - डॉ. लक्ष्मीनारायण शास्त्री

प्रथम संस्करण सन् 2007

मुल्य रू. 300/- (तीन सौ रूपये)

प्रकाशक एव प्राप्ति स्थान :

राजस्थान वैदिक तांत्रिक शोध संस्थान
4एफ एफ, जे.डी.ए. फ्लेट्स, चित्रकूट, अजमेर रोड़, जयपुर
मोबाईल - 91-9414228995

कम्प्यूटर डिजाइनिंग एवं मुद्रक :

रेही कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स
340, कृष्ण भवन, चांदी की टकसाल, जयपुर
दूरभाष - 0141-2634328

प्राचीन पक्षीराज

समर्पणम्

परम् श्रद्धेय 1008 श्री स्वामी जी महाराज

सत्यमेव जयते

मुख्य मंत्री

राजस्थान

अ.शा.पत्र क्रमांक:मुम/जसप्र/2007

जयपुर, दिनांक:

18 APR 2007

माननीय डॉ. शास्त्री जी

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि आपके द्वारा लिखित 'बगलामुखी–तत्त्व–विमर्श' ग्रन्थ का प्रकाशन राजस्थान वैदिक तान्त्रिक शोध संस्थान, जयपुर द्वारा प्रकाशित हो रहा है।

मेरा मानना है कि सर्वोत्तम सिद्धि तो यह है कि जीव मात्र में हमें शिव के दर्शन हों और सबके प्रति निःस्वार्थ सेवाभाव से शुभ कार्य करने की सतत् प्रेरणा हमारे मन में बनी रहे।

तन्त्र साधकों एवं उपासकों के लिए इस ग्रन्थ में षट्कर्मों का वर्णन और तन्त्र शास्त्रों में निहित विधि विधानों का प्रतिपादन किया गया है। आशा है, भावी पीढ़ी के लिये यह पुस्तक उपयोगी रहेगी।

शुभकामनाओं सहित,

सद्भावी,

वसुन्धरा राजे

(वसुन्धरा राजे)

डॉ. लक्ष्मीनारायण शास्त्री,
अध्यक्ष,
राज.वैदिक तान्त्रिक शोध संस्थान,
4एफ एफ जे.डी.ए. फ्लेट्स,
चित्रकूट, अजमेर रोड़, जयपुर (राज.)

समर्पणम्

परम् श्रद्धेय प्रो. सी. एल. मिश्रा

दामोदर शर्मा
आई.ए.एस.
शासन सचिव

टेलीफोन (ऑ) 0141-2703368
0141-2710362
(नि.) 0141-2245526
फैक्स : 0141-2704359

संस्कृत शिक्षा विभाग,
राजस्थान सरकार, जयपुर
एवं
सभापति, निष्पादक परिषद्
राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल
प्रशासनिक ब्लॉक : डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर

शुभाशंसा

सॉख्यायन तन्त्र शास्त्र में भगवती पीताम्वरा का महत्वपूर्ण स्थान है। अथर्ववेद के पंचम काण्ड में छठे अनुवाक में पीताम्वरा सूक्त से सम्बन्धित मन्त्र उपलब्ध होते हैं। पीतामवरोपनिषद्, रूद्रयामल तन्त्र आदि में मॉ भगवती का माहात्म्य वर्णित है। देवासुर संग्राम में जब देवता परास्त होने लगे तो मॉ भगवती ने ही विराट स्वरूप को धारण कर देव विजय प्रदान की ।

" बगलामुखी तत्त्व विमर्श " नामक ग्रन्थ के पॉच अध्यायों में पीताम्वरा तन्त्र का विशद् विवेचन किया गया है।

इस ग्रन्थ के अवलोकनोपरान्त यह स्पष्ट है कि तन्त्र शास्त्र के मर्मज्ञ विद्वान डॉ0 लक्ष्मीनारायण शास्त्री ने ग्रन्थ में तन्त्र शास्त्र के षट्कर्म प्रयोगों को प्रायोगिक विधि के साथ प्रकाशन किया है। यह तन्त्रशास्त्र में प्रशंसनीय प्रयास है। मैं डॉ0 शास्त्री के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

(दामोदर शर्मा)
संस्कृत शिक्षा सचिव
राजस्थान सरकार

समर्पणम्

परम् पूज्य स्व. श्री भीमसेन जी द्विवेदी

प्रो. सत्यदेव मिश्र
कुलपति
राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
जयपुर

फोन : 0141-2710047 (का.)
0141-2352259 (नि.)
0141-2711050 (फैक्स)
ई-मेल : sdmve@yahoo.com
2-2ए, झालाना डूंगरी
जयपुर-302 004 (राजस्थान)

शुभाशंसा

सांख्यायन तन्त्र तथा चामुण्डा तन्त्र में उल्लिखित दश महाविद्याओं में देवी बगलामुखी का महत्त्वपूर्ण स्थान है। यजुर्वेद के आभिचारिक प्रकरण में श्री बगलादेवी के वैदिक रूप के दर्शन से, अथर्ववेद के पञ्चम काण्ड के छठें अनुवाक में इनसे सम्बन्धित सूक्त की प्राप्ति से, तथा पीताम्बरोपनिषद् रूद्रयामल तन्त्र, मेरू तन्त्र, सांख्यायन तन्त्र, षट्कर्मदीपिका और अग्निपुराण आदि ग्रन्थों में इनके माहात्म्य के विस्तृत वर्णन से यह प्रमाणित होता है कि भारतवर्ष में इनकी उपासना मारण, मोहन, उच्चाटन, शत्रुकृत उपद्रव के शमन एवं मुकदमें में विजय प्रभृति उद्देश्यों से की जाती है।

साधकों को ऐसी पुस्तक की अपेक्षा थी जिसमें श्री बगलादेवी की उपासना के सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक पक्षों का एकत्र विवरण प्राप्त हो सके। यह प्रसन्नता का विषय है कि तन्त्रशास्त्र के मर्मज्ञ विद्वान् डॉ. लक्ष्मीनारायण शास्त्री ने अपनी पुस्तक ''श्री बगलामुखीतत्त्व विमर्श'' में उपर्युक्त आवश्यकता की पूर्ति का प्रशंसनीय प्रयास किया है।

मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी डॉ. शास्त्री ऐसी साधनापरक पुस्तकों के लेखन से समाज का उपकार करते रहेगें।

सत्यदेव मिश्र

निवास : 131, नेमी नगर, डी.ए.वी. स्कूल के सामने, दयानन्द मार्ग, वैशाली नगर, जयपुर-302 021

समर्पणम्

स्व. श्री पं. केशवदेव शास्त्री

स्व. श्री पं. गौरीशंकर शास्त्री

।। श्री बगलामुखी तत्त्व विमर्श ।।

क्र.स.	विषय	पृ.स.
1.	संदेश-मुख्य मंत्री, राजस्थान सरकार	
2.	शुभाशंसा-संस्कृत शिक्षा सचिव, राजस्थान सरकार	
3.	शुभाशंसा-डॉ. सत्यदेव मिश्र पू. कुलपति संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर	
4.	प्राक्कथन -	
5.	भूमिका : प्रो. सी.एल. मिश्रा (पीताम्बरा पीठाधीश्वर-जयपुर)	
6.	1. प्रथम अध्याय :-	1-27
	ध्यान एवं दीक्षा विधि -	
	सद्गुरू व त्याज्य शिष्य -	
	विद्या प्राप्ति के उपाय -	
	बगलामुखी पूजन -	
	(अभिषेकार्थ मास, वार, नक्षत्र)	
	बगलामुखी यन्त्र लेखन विधि -	
	बगलामुखी यन्त्र -	
	बगलामुखी अभिषेक के प्रकार एवं फल -	
	व्यापार वृद्धि एवं स्थिर लक्ष्मी प्रयोग -	
	बगलाकवचम् -	
7.	2. द्वितीय अध्याय :-	28-41
	श्री बगलामुखी देवी पूजन विधि -	
	श्री बगलामुखी देवी पूजन सामग्री -	
	दश दिक्पाल पूजनविधि -	
	बगला अष्टोत्तरशत नामावली -	
	स्तम्भन विद्या -	

क्र.स.	विषय	पृ.स.
	साँख्यायन तन्त्रगत एकाक्षरी मन्त्र -	
	श्री बगलामुखी नानाविध प्रयोग एवं फल -	
	श्री बगलामुखीहरिद्रार्चन एवं हवन -	
8.	3. तृतीय अध्याय :-	42-72
	सर्वविध शान्ति स्तवक उपाय (प्रयोग) -	
	विद्वेषण स्तवक- प्रयोग विधि सहित -	
	वशीकरण स्तवक - प्रयोग विधि सहित -	
	स्तम्भन स्तवक - प्रयोग विधि सहित -	
	उच्चाटन स्तवक - प्रयोग विधि सहित -	
9.	4. चतुर्थ अध्याय :-	73-78
	मारण स्तवक - प्रयोग विधि सहित -	
	चमत्कारिक विशिष्ट प्रयोग -	
	बलीवर्द प्रयोग एवं विधि -	
	श्री बगलायन्त्र एवं बलीवर्द -	
	बिल्वफल का प्रयोग एवं विधि -	
	कुष्माण्ड प्रयोग एवं विधि -	
10.	5. पञ्चम अध्याय :-	79-108
	वज्रपञ्जर कवच स्तोत्रम् -	
	श्री पीताम्बरा रत्नावली स्तोत्रम् -	
	अथ बगलामुखी त्रैलोक्यनामविजय कवचम् -	
	नानाविध सांख्यायन बगला मंत्र -	
	हवनार्थ कुण्डों का प्रयोग -	
11.	श्री बगलामुखी देवी की आरती -	109

'' प्राक्कथन ''

मंगलाचरण

लावण्यामृतपूरिते तव कृपापाङ्गे निमग्ना नरा,
बृह्मेशादिदिगीशवृन्दमपिते जानन्ति गुञ्जोपमम्।
येषांचेतसि संस्थिताऽसि बगले ते विश्वरक्षा-क्षमाः,
प्रारब्धं द्रढयन्ति सत्वरतरं विघ्नैरविघ्नीकृताः ॥

अखिल ब्रह्माण्डनायक गुणगणाविशिष्ट भगवत श्रीमन्नारायण की परम अनुकम्पा से श्रीपीताम्बरा पीठाधीश्वर जगद्गुरू दतियाँ स्वामी जी महाराज एवं बगलामुखी साधना केन्द्र, मालवीय नगर, जयपुर के प्रधान पीठाधीश्वर स्वामी प्रो. सी.एल. मिश्रा जी के परमाशीर्वाद से बहुविध्नोपरान्त भी मातेश्वरी पीताम्बरा के प्रभावमयी तन्त्रशास्त्र को ''श्री बगलामुखी तत्त्व विमर्श'' नामक ग्रन्थ को लिखकर प्रकाशन करने की परम शक्ति मुझे प्राप्त हुई । यह भी स्वामी जी महाराज व पीताम्बरा देवी की महती कृपा है।

प्राचीनकाल से ही वेदवेदाङ्गो में तन्त्रशास्त्र सर्वोपरि रहा है। तथा भारतवर्ष के मूर्धन्य समस्त विद्वान व पीठाधीश्वर यन्त्र, मन्त्र, तन्त्रशास्त्र के मर्मज्ञ रहे है। तथा तन्त्रशास्त्र के माध्यम से समाज में असाध्य रोगों, कष्टों व बन्धनों से युक्त भक्तजनों को मोक्ष प्राप्ति हुई है। आज का समाज अनेक प्रकार के बाह्य एवं आन्तरिक दुःखों से पीड़ित है जिससे मुक्ति हेतु तन्त्रशास्त्र में षट् प्रकार के प्रयोग बताये है।

''मारणंमोहनंवश्यंस्तम्भनोच्चाटनादिकम्''

''बगलामुखी तत्व विमर्श'' नामक ग्रन्थ में बगलामुखी देवी के गूढ रहस्यों का प्रकाशन, बाह्य वायु दोषादि, विद्वेषण, वशीकरण, स्तम्भन, उच्चाटन, मारण, मोहनादि सात्विक तन्त्र विधि व प्रयोगों

का प्रकाशन किया गया है। जिसके प्रयोग करने से भक्तजनों की मनोकामना पूर्ण होगी। इस ग्रन्थ के प्रकाशन से पूर्व तन्त्रशास्त्र के प्रकाशन हेतु गुरू आज्ञा प्राप्त कर ही ग्रन्थ का प्रकाशन किया गया है। तन्त्रशास्त्र के मूर्धन्य विद्वान गुरू (पितामह) स्व. श्री पं. भीमसेन शास्त्री जी, पिताश्री स्व. श्री पं. केशवदेव शास्त्री एवं माता श्रीमती गंगादेवी निवासी-बगचौलीखार, जिला-धौलपुर तथा माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे (राजस्थान सरकार) एवं संस्कृत शिक्षा सचिव श्री दामोदर शर्मा (राजस्थान सरकार) का विशेष आभारी हूँ जिन्होने अतिव्यस्त समय में भी अपना संदेश प्रकाशनार्थ प्रेषित किया। प्रो. सी.एल. मिश्रा, प्रो. शङ्कर प्रसाद शुक्ल, डॉ. सत्यदेव मिश्र, पूर्व कुलपति (राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर) व राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) परिसर जयपुर के धर्मशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. कमलनयन शर्मा, प्रो. आनन्द पुरोहित प्राचार्य (राज. महाराज आचार्य संस्कृत कॉलेज, गांधीनगर, जयपुर), श्री मोतीलाल शर्मा, निवासी-सदरवन, जिला आगरा एवं समस्त गुरूजनों के प्रति नमस्काराञ्जलि प्रदान करता हूँ। जिन्होने कि इस ग्रन्थ के प्रकाशन में यथोचित सहयोग प्रदान किया।

प्रो. विनोदी बिहारी शर्मा, डॉ. रमाकान्त शर्मा (धौलपुर), डॉ. अशोक झा, श्री अशोक दहिया एवं डॉ. सुमन दहिया का भी हृदय से आभारी हूँ जिन्होने ग्रंथ के मुद्रण में सहयोग किया।

ॐ ऐं हं श्रीं श्रीमत्पीताम्बरादेवीबगलाबुद्धिवर्द्धिनी।
यातु मामनिशं सक्षात् सहस्त्रार्कयुतद्युतिः॥

लेखक :

डॉ. लक्ष्मीनारायण शास्त्री
व्याख्याता न्यायदर्शन
राज.महा.आ.संस्कृत कॉलेज,गांधीनगर, जयपुर

भूमिका

बगलामुखी की उत्पत्ति –

श्लोक :- अथ वक्ष्यामि देवेशि बगलोत्पत्तिकारणम् ।
पुरा कृतयुगे देवि वातक्षोभ उपस्थिते ॥

भावार्थ :- भगवान शिव कहते हैं कि देवी अब मैं बगलामुखी देवी की उत्पत्ति का कारण कहूँगा । पहले सत्ययुग में वातक्षोभ उपस्थित हुआ अर्थात् भयंकर आँधी आयी ।

श्लोक :- चराचर विनाशाय विष्णुश्चिन्तापरायणाः ।
तपस्यया च सन्तुष्टा महाश्रीत्रिपुराम्बिका ॥

भावार्थ :- वह वातक्षोभ चराचर सृष्टि का विनाशक सिद्ध हुआ। इस तरह सृष्टि विनाश को देखकर अत्यन्त चिन्ता मग्न तब विष्णु ने त्रिपुराम्बा की तपस्या कर उसे सन्तुष्ट किया।

श्लोक :- हरिद्राख्यं सरो दृष्ट्वा जलक्रीडापरायणा ।
महापीत "ह्रस्यान्ते सौराष्ट्रे बगलाम्बिकां ॥

भावार्थ :- भगवान विष्णु की तपस्या से सन्तुष्ट होकर सौराष्ट्र में हरिद्राख्य सरोवर में जलक्रीडा परायण भगवती बगलामुखी का महापीत तालाब में एक श्रीविद्या से उत्पन्न तेज (प्रकाश) इधर उधर चारों दिशाओं में फैलने लगा जैसा कि अधो लिखित श्लोक से स्पष्ट है।

श्लोक :- श्रीविद्या सम्भवो तेजो विजृम्भति इतस्ततः ।
चतुर्दशी भौमयुता मकारेण समन्विता ॥

अर्थात् चतुर्दशी भौमवार (मंगलवार) के दिन मकार से समन्वित है।

श्लोक :- तस्यामेवार्द्धरात्रौ तु पीत "ह्रद निवासिनी ।
ब्रह्मास्त्रा विद्या सञ्जाता त्रैलोक्यस्तम्भिनीपुरा ॥

भावार्थ :- पीत सरोवर में निवास करने वाली देवी उस चतुर्दशी की अर्द्धरात्रि को प्रादुर्भाव हुआ। जो कि तीनों लोको का स्तम्भन करने में सक्षम हुई, जिसको ब्रह्मविद्या के नाम से जाना गया।

श्री बगलामुखी माहात्म्य :-

ऐसा प्रतीत होता है कि निगम शास्त्रोक्त वल्गा ही आगमशास्त्रों की बगलामुखी है। कुञ्जिका तन्त्र में बगला शब्द का निर्वचन इस प्रकार किया गया है।

श्लोक :- वकारे वारुणी देवी गकारे सिद्धिदा स्मृता ।
लकारे पृथिवी चैव चैतन्या या प्रकीर्तिता ॥

अर्थात् वकार से वारूणी देवी गकार से सिद्धिदा, लकार से पृथिवी रूपा होने से जो शक्ति, चैतन्य स्वरूपा है वही बगलादेवी है।

श्लोक :- ब्रह्मास्त्रास्तम्भिनी विद्या स्तब्धमाया मनुस्तथा ।
प्रवृन्तिरोधिनी विद्या बगला चेति कुमारक ॥

भावार्थ : तन्त्रशास्त्र में भगवती बगलादेवी को ब्रह्मास्त्रस्तम्भिनी विद्या, स्तब्धमाया, प्रवृत्तिरोधिनी इत्यादि नामों से अभिहित किया है।

श्लोक :- मन्त्र जीवन विद्या च प्राणिप्राणापहारिका ।
षट्कर्माधार विद्या च ये ते पर्यायवाचकाः ॥

मन्त्र जीवन विद्या, प्राणापहारिका, षट्कर्माधार क्रिया आदि नाम भी बगला देवी के ही हैं।

श्लोक :- परानुष्ठानहरणं परकीर्ति विनाशनम् ।
पराजयकृद् विद्याया परेषां भ्रमकारणम् ॥

ये वा विजयमिच्छन्ति ये वा जेतुं क्षयं कलौ ।
ये वा क्रूरमृगेन्द्राणां क्षयमिच्छन्ति मानवाः ॥

येच्छन्त्याकर्षशान्त्यादि वश्यं सम्मोहनादिकम्।
विद्वेषोच्चाटनं प्रीति तेनोपायस्त्वयं मनुः ॥

भावार्थ : दूसरे के अनुष्ठान को प्रभाव रहित करना, दूसरे के यश का विनाश करना, किसी को पराजित कराना, भ्रमित करना, किसी को जीतना, किसी की जीत को नष्ट करना, क्रूर सिंहादिकों का क्षय करना, आकृष्ट करना, शान्ति करना, वशीभूत करना, सम्मोहित करना, परस्पर मन-मुटाव कराना, उच्चाटन करना, परस्पर प्रेम कराना इत्यादि अनेक कार्य भगवती बगलामुखी की उपासना से शीघ्र सिद्ध होते हैं। ऐसा अत्युत्तम माहात्म्य बगलामुखी देवी का शास्त्रों में प्रतिपादित किया है। किंबहुना बगलामुखी उपासना से व्यक्ति त्रैलोक्य विजयी हो सकता है।

महाविद्याओं में बगलामुखी व स्वरूपः-

प्राणतोषिणी ग्रन्थ में दशमहाविद्याओं का उल्लेख है जो अद्योलिखित है। :-

श्लोक :- काली तारा महाविद्या षोडशी भुवनेश्वरी।
भैरवी छिन्नमस्ता च विद्या धूमावती तथा ॥1॥

बगला सिद्धविद्याः मातङ्गी कमलात्मिका।
एता दश महाविद्याः सिद्धविद्या प्रकीर्तिताः ॥2॥(प्र.सं.717)

भावार्थ : अर्थात् काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, भैरवी,

छिन्नमस्ता, धूमावती, बगला, मातङ्गी, कमलात्मिका इत्यादि दश महाविद्याएं है, जिनमें बगला देवी का भी उल्लेख है। इसके माहात्म्य के विषय में कहा है कि-

श्लोक :- विद्या च बगलानाम्नी मुनिगुह्यम् सुपावनम् ।
विना च स्तम्भिनी विद्यां न विद्या च प्रभासते ॥

भावार्थ : अर्थात् सुपावन गोपनीय बगला नामक विद्या एक स्तम्भिनी विद्या है, बिना स्तम्भिनी विद्या के किसी का भी प्रभाव नहीं रहता है। अतः प्रभावशाली बनने का इच्छुक बगला देवी की उपासना अवश्य करें।

श्लोक :- पर विद्याछेदनं यच्च पर यन्त्रविदारणम् ।
पर मन्त्र प्रयोगेषु सदा विध्वंसकारणम् ॥

भावार्थ : अर्थात् दूसरे की विद्या का छेदन करना, पर मन्त्र का प्रभाव नष्ट करना, किसी का विध्वंस करना, मन्त्र का प्रभाव नष्ट करना इत्यादि इसके विशिष्ट प्रयोजन हैं।

श्री बगलामुखी महाविद्या का माहात्म्य अनुपम है अद्वितीय है। अधोलिखित श्लोक में बहुत ही सुन्दर भाव व फल वर्णित है।

श्लोक :- वादीमूकति रङ्कति क्षितिपतिर्वैश्वानरः शीतति ।
क्रोधी शांतति दुर्जनः सुजनति क्षिप्रानुगः खञ्जति ॥

गर्वी खर्वति सर्वविच्च जडति त्वद्यंत्रिणा यन्त्रितः।
श्रीनित्यं बगलामुखि प्रतिदिनं कल्याणि! तुभ्यं नमः ॥

भावार्थ : बगलामुखी देवी का अद्भुत विस्मयकारी महत्व को जैसे प्रकृष्ट वक्ता मूक भाव को प्राप्त हो जाता है। राजा, रङ्कता अर्थात् गरीबी का दास हो जाता है अर्थात निर्धन हो जाता हैं। अग्नि देव हिमवत् अर्थात बर्फ की तरह शीतलता को धारण कर लेते है।

क्रोधी व्यक्ति शान्त हो जाता है, दुर्जन, सज्जनता का व्यवहार करने लगता है।

अहंकार नष्ट हो जाता है अर्थात् बौनेपन का शिकार हो जाता है। सर्वज्ञ व्यक्ति जड़वत् हो जाता है। भगवती बगला देवी के यन्त्र से यन्त्रित करने पर अलौकिक कार्यों का सम्पादन होता है।

प्रोफेसर सी.एल.मिश्रा

बगलामुखी साधना केन्द

सत्कार शोपिग सेन्टर-3

मालवीय नगर, जयपुर

प्रथमोअध्यायः

ध्यानम्-

जिह्वाग्रमादाय करेणदेवी, वामेन शत्रून् परिपीडयन्तीम् ।
पीतम्बरां पीनपयोधराढ्यां, सदास्मरेऽहं बगलाम्बिकाहृदि ॥

दीक्षा विधि व महत्व :-

श्लोक :- दीक्षा विधिं बिनामन्त्रं यो जपेत् कोट कोटयः ।
न स सिद्धिंमवाप्नोति, सिन्धु सैकत वर्षवत् ॥1॥

भावार्थ :- जो साधक दीक्षा विधि के बिना किसी भी मन्त्र का चाहे करोड़ो मन्त्रों का जाप करें फिर भी उसका कोई फल प्राप्त नही होता है। जैसे कि समुद्र में रेत की वर्षा करने से कोई लाभ नही होता है।

श्लोक :- पुस्तके लिखितान् मन्त्रानवलोक्य जपेत्तुयः ।
सजीवन्नेव चाण्डालो मृतःश्वानो भविष्यति ॥2॥

भावार्थ :- जो साधक साधना के समय ग्रन्थ में लिखे हुए मूल मन्त्रों को देखकर जप करता है अर्थात् बिना किसी गुरू दीक्षा के जपादि करता है तो वह जीवित रहते हुऐ चाण्डाल के समान व मृत्यु के उपरान्त कुत्ते की योनि को प्राप्त करता है। अतः साधकों को मन्त्र दीक्षा के उपरान्त ही जप करना चाहिए।

गुरूलक्षण :-

श्लोकः- वेदवेदाङ्ग पारङ्गं वेदान्तार्थसुनिश्चितम् ।
वैदिकाचार संयुत्तफं, कुर्यात् गुरूमतन्द्रितः ॥

भावार्थ :- सांख्यायन तन्त्र के अनुसार साधक को गुरू का चयन करते समय गुरू,योग्यता में वेदों का ज्ञाता हो, षड् वेदाङ्ग (शिक्षा, निरूक्त,छन्द, ज्योतिष, व्याकरणादि) शास्त्रों का परिज्ञाता हो, उपनिषद विद्याओं का ज्ञाता, वैदिक पद्धति को आचरण करने वाला हो तथा आलसी गुरू न हो । ऐसे लक्षण युक्त गुरूओं से गुरूदीक्षा ग्रहण करनी चाहिए। नित्य अनित्य का विवेक रखता हो ऐसे व्यक्ति को शिष्य बनाना चाहिए।

श्लोक :- प्रस्थान ज्ञान पारीणम् नीतिशास्त्रार्थकोविदम्।
श्रीविद्या मन्त्रयन्त्रज्ञं, कुर्यात् गुरूमतन्द्रितः॥

भावार्थ :- श्री भगवती बगलामुखी की मन्त्र दीक्षा हेतु गुरू का चयन करते समय गुरू प्रस्थानत्रयी का ज्ञाता (वेदान्त दर्शन, गीता व उपनिषद्), नीतिशास्त्र एवं श्रीविद्या (भगवती बगलामुखी) के मन्त्र व यन्त्र का विधिपूर्वक ज्ञाता होना चाहिए। तथा आलस रहित गुरू होना चाहिए।

विद्याप्राप्ति के उपाय :-

गुरूशुश्रूषया विद्या पुष्कलेन धनेन वा।
अथवा विद्यया विद्या चतुर्थं नोपलभ्यते॥

प्रथम उपाय सेवा शुश्रूषादि, द्वितीय पर्याप्त द्रव्य राशि, तृतीय विद्या द्वारा विद्या इत्यादि तीन उपाय शास्त्रकारों ने विद्या प्राप्ति के बतायें है। जिनमें सर्वोत्तम उपाय शुश्रूषा द्वारा विद्या प्राप्त करना बताया गया है। जैसा अधोलिखित श्लोक से स्पष्ट है।

मोक्षार्थी च गुरुं यत्नात् शुश्रूषेणैव तोषयेत्।
शुश्रूणेव यल्लब्धं सा विद्या सर्वसिद्धिदा ॥

मुमुक्षु शिष्य का परम कर्त्तव्य है कि वह यत्न पूर्वक सेवा करके गुरूदेव को सन्तुष्ट करें क्योकि सेवा द्वारा जो विद्या प्राप्त होती है वह सात्विक व सर्वसिद्धि प्रदायक होती है।

सत् शिष्य के लक्षण :-

निर्भत्सरं निरालम्बं नीतिशास्त्र विशारदम्।
नित्यानित्य विवेकं च शिष्यत्वेनोपकल्पयेत्॥

भावार्थ :- जो ईर्ष्यालु न हो, निराश्रित हो, नीतिशास्त्र का ज्ञाता हो त्याज्य शिष्य :-

कामुकं काञ्चनासक्तं करूणालय वर्जितम्।
सर्वदा वर्जयेच्छिष्यं गुरु सेवाभि मानिनम्॥

जो कामुक हो, लालची हो, अर्थात् धन का लोभी हो जिसके हृदय में

दया नही हो जो गुरू सेवाभिभानी हो, ऐसे शिष्य को दीक्षित नही करना चाहिए, अन्यथा गुरू पिशाचता को प्राप्त होता है। कहा भी है "प्राप्नुयात् सः पिशाचताम्" इत्यादि ।

बगलामुखी अभिषेकार्थ उत्तम मास :-

आश्विने कार्तिके चैव चैत्रमासे कुमारक ।
कुर्युस्तमभिषेकं च मानवाः सिद्धिकांक्षिणः ॥

भावार्थ :-आश्विन मास (क्वार का महिना) कार्तिक मास, चैत्र मास तथा वैशाख मास भी भगवती बगलामुखी के अभिषेक समर्चन हेतु सर्वश्रेष्ठ है। इन महीनों में अभिषेक करने से साधक सद्यः सिद्धि को प्राप्त होता है।

पूजा में ग्राह्यवार :-

रवौ गुरौ भृगाब्जेवावासरे च कुमारक।
मन्त्राभिषेक कर्त्तव्यं सततं सिद्धिकांक्षिभिः ॥

भावार्थ :- रविवार, गुरूवार, शुक्रवार, सोमवार इत्यादि चार वार भगवती बगलामुखी की पूजा में सिद्धिदायक है।

पूजा में ग्राह्य नक्षत्र :-

रोहिणी श्रवणे चैव पुष्ये चैव विशाखयोः।
मन्त्राभिषेकं कर्त्तव्यं सद्यः सिद्धिकरं भुवि ॥

भावार्थ :- रोहिणी, श्रवण, पुष्य, विशाखादि नक्षत्रों में अभिषेक करने से साधक शीघ्र सिद्धि प्राप्त करता है।

यन्त्र लेखन विधि :-

देवस्येशान भागे तु गोमयेनोपलेपितम् ।
रङ्गचल्या लिखेद्यन्त्रं रक्त पीतासितासितैः ॥

भावार्थ :- देवता के ईशान भाग में गोमय से लीपकर अनार की कलम से यन्त्र को लिखे स्याही लाल, पीली, श्वेत अथवा काली होनी चाहिए। श्वेतार्क दूध के द्वारा यन्त्र लिखने का भी विधान है । दूध में हरिद्रा मिलाकर भी लिखने का विधान है।

षोडशाङ्गुलमानं तु लिखेद् बिन्दून्मनन्यधीः ।
ततो (तदु) परि लिखेद् वृत्तंमष्ट पत्रं तु शोभनम् ॥

भावार्थ :- उस यन्त्र के ऊपर सोलह अङ्गुल परिमित बिन्दु अनन्यभाव से बनाये और उस बिन्दु पर सुन्दर अष्टदल बनाना चाहिए।

प्रियङ्गुशालिगोधूम चणकाटकमाषकैः ।
कुलत्थमुद्गनीवारैः क्रमाद् मध्यादि विन्यसेत् ॥

भावार्थ :- अष्ट दल के ऊपर यव, चावल, गेहूँ, चना, उडद, कुलत्थ, मूंग, धान्य इत्यादि अनाज रखें।

अष्ट पत्रे न्यसेत् पुत्र कलशाष्टकमादरात्।
क्षालितं चासितं शुद्धं कलशं च समर्पयेत् ॥

भावार्थ :- अष्ट दल पर आठ कलश रखें जो कि काले नहीं हो व शुद्ध होने चाहिए। तथा एक कलश और रखें इस तरह नौ कलश रखने चाहिए।

षोड़शैरुपचारैश्च धूपाद्यनेव विन्यसेत्।
आपो वानेन पूर्येत नदी जलमकल्मषम् ॥

भावार्थ :- उन कलशों में शुद्ध नदी का जल भरकर उनकी षोड़शोपचार पूजा करनी चाहिए। तथा उनके चारों तरफ धूपबत्ती जलाकर रखनी चाहिए।

निः क्षिपेन्नवभाण्डेषु नवरत्नान् कुमारक।
कस्तूरी चन्दनोपेतान् नवभाण्डेषु निः क्षिपेत् ॥

भावार्थ :- नौ कलशों में नवरत्न प्रक्षिप्त करें तथा कस्तूरिका चन्दनादि भी नव कलशों में डालें है।

मध्ये देवीं समावाह्य चिन्मयीं बगलामुखीम्।
प्राणस्थापन मार्गेण केरलोक्त विधानतः ॥

भावार्थ :- मध्य में चेतनतामयी भगवती बगलामुखी का आवाहन कर प्राण प्रतिष्ठा पूर्वक केरलोक्त विधान से पूजा करें।

अर्चयेत्पूर्ववत् केरलोक्तेनेव विधानतः ।
नवीन नवसंख्याक वस्त्रेणैव तु वेष्टयेत् ॥

भावार्थ :- केरलोक्त विधान से ही नव संख्याक कलशों की पूजा क्रमशः करके वस्त्र से वेष्टित करें।

वेदवेदांगपारीणमष्टौ ब्राह्मणमादरात्।

भावार्थ :- तत्पश्चात आदर पूर्वक वेद वेदांग पारीण आठ ब्राह्मणों को वस्त्राभूषण से अर्चना करके प्रार्थना करें। तदनन्तर शिष्य को वस्त्राभूषण से सजाकर मण्ड़प के मध्य में लाए (अलंकृत्वा तु शिष्यं तमानीय्रमण्डपान्तरे)।

वामोरुपरि विन्यस्य मूर्ध्निमाघ्राय सादसत्।
एकैकं च पुरश्चर्यामूलमन्त्रं कुमारक॥

भावार्थ : - बायी जंघा पर रखकर प्रेम पूर्वक शिर सूंघकर एक एक मूल मंत्र का उपदेश करें।

एवं मन्त्रभिषेकञ्च कुर्याद् ब्रह्मास्त्र विद्यया।
सद्यः सिद्धिर्भवेत्पुत्र पुरश्चर्यां बिना भुवि ॥

इस तरह ब्रह्मास्त्र विद्या द्वारा मन्त्राभिषेक करके बिना पुरश्चरण के व्यक्ति सिद्धि प्राप्त कर लेता है। मन्त्र प्राप्ति के बाद मन्त्र सन्ध्या का विधान है क्यो कि बिना मन्त्र सन्ध्या के सम्पूर्ण कार्य निष्फल माना जायगा।

मन्त्र सन्ध्याविहीनश्च सर्वं तन्निष्पफलं भवेत्।

अतः मन्त्र सन्ध्या की विधि को अवश्य जानना चाहिए।

अभिषेक के प्रकार :-

त्रिमध्वक्त तिलैर्होमो नृणां वश्यंकरोत्यतः।
मधुरत्रितयाक्तैः स्यादाकर्षो लवणैर्ध्रुवम् ॥1॥

तैलाभ्यक्तैनिम्बपत्रैर्होमो विद्वेषकारकः ।
तालंलोण हरिद्राभिर्दिषां संस्तम्भनं भवेत् ॥2॥

अंगार धूमं राजीशंच माहिषं गुग्गलं निशि।
श्मशानपावके हुत्वा नाशयदचिरादरान् ॥3॥

ग गरुतो गृध्रकाकानां कटुतैलं विभीतकम् ।
गृहधूमं चितावनै हुत्वाप्रोच्चाटयेद्रिपून् ॥4॥

त्रिमधु (शर्करा, मधु, शहद) तिल से होम करने से राजा वश में होता है। त्रिमधु लवण से होम करने पर आकर्षण होता है। तैल निम्बपत्र से होम करने से विद्वेषण होता है। हरताल, लवण, हरिद्रा से होम करें तो शत्रू का स्तंभन होता है। अंगार, धूम, राई, भैंस का धृत, गुग्गल, धूप इनसे शमशानाग्नि में हवन करे तो शत्रुओं का नाश होता है।

गृध काकपक्ष से सर्षप तेल के साथ मिला कर चिताग्नि में हवन करे तो शत्रु का उच्चाटन होता है।

व्यापार वृद्धि व स्थिर लक्ष्मी प्रयोग एवं बगला लक्ष्मी स्तोत्र

(एकाक्षरी महामन्त्र के हवन के विविध फल)

स्थिर लक्ष्मी प्राप्ति हेतु :-

लक्ष्मीः शान्तिस्तथः पुष्टि विघ्नाविघ्ननिवारणै।
चतुरस्रे हुनेत् कुण्डे तन्त्रावित् परिशोधिते ॥

भावार्थ : - लक्ष्मी प्राप्ति हेतु शान्ति तथा समृद्धि प्राप्त्यर्थ समस्त विघ्न विनाशनार्थ तन्त्रवित् साधक को चतुरस कुण्ड में परिशोधित करके हवन करना चाहिए। भोजपत्र, बिल्वफल, हरिद्रा, सरसों के तेल व घृत से मिश्रित हवन सामग्री का हवन करावें । मन्त्रों की संख्या आचार्य से स्पष्ट करें।

व्यापार में अधिक लाभ प्राप्ति हेतु :-

वशीकरण सम्मोहे वाणिज्ये द्रव्य संग्रहे।
कीर्तिकामस्तु जुहुयात् भगाकारे चकुण्डके॥

भावार्थ :- व्यापार में अधिक लाभार्थ वशीकरणार्थ सम्मोहनार्थ कीर्तिलाभार्थ योनि कुण्ड में होम करें।

विद्वेषणे तु जुहुयात् वर्तुले कुण्डमध्यमे।
उच्चाटने तु जुहुयात् षट्कोणाख्ये तु कुण्डके॥

भावार्थ :- विद्वेषणार्थ वर्तुलाकार कुण्ड में, उच्चाटनार्थ षट्कोण कुण्ड में होम करना चाहिए।

मारणे चाष्टकोणे तु तत् तत् कर्मानुसारतः।

भावार्थ :- मारण प्रयोगार्थ तत् तत् कर्मानुसार अष्टकोण कुण्ड में हवन करना चाहिए।

वशीकरणार्थ :-

हरिद्राखण्ड होमेन अयुतेन कुमारक।
वशीकरण सम्मोहं भवेच्छंकर भाषणम्॥

भावार्थ :- वशीकरणार्थ सम्मोनार्थ दश हजार हरिद्राखण्ड की मूल मन्त्र से आहुति देने से उक्त कार्यो की सिद्धि होती है। ऐसा भगवान शंकर का वचन है।

बगला लक्ष्मी स्तोत्र :-

ताम्र पात्रो जलं ग्राह्यं श्रीसूत्तफेनैव मन्त्रायेत।
शतं वार्द्धशतं वाथ त्रिासप्तमथ पुत्राक॥

तुलसी मञ्जरीभिश्च नार्जयेद् रोगपीडितः।
आरोहादव रोहेण ऋचान्ते मार्जनं तथा॥

त्रिकालमेककालं वी मार्जयेद् ध्यान पूर्वकम्।
त्रिभोथं च यद्रोगं नाशमाप्नोति निश्चितम्॥

श्रीसूत्तफेनैव जिह्वायां मार्जयेत् तुलसीदलैः।
त्रिसप्तं प्रातरुत्थाय जिह्वास्तंभन शान्तिकृत्॥

श्रीसूक्तम्
Sri Suktam

ॐ हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्त्रजाम् ।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह ॥1॥

Om hiranya varnam harinim suvarnarajatsrajam |
Candram hiranamayim lakshmim jatavedo ma a vaha ||1||

तां म आ वह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्॥2॥

Tam ma a vaha jataveds laksmimanayagaminim |
Yasyam hiranyam vindeyam gamasvam purusanaham ||2||

अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनादप्रमोदिनीम् ।
श्रियं देवीमुप ह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम्॥3॥

Asvapurvam rathamadhyam hastinadapramodinim |
sriyam devimupa hvaya srirma devi justam ||3||

कां सोस्मितां हिरण्यप्रकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम्।
पद्मेस्थितां पद्मवर्णां तामिहोप ह्वये श्रियम् ॥4॥

kam sosmitam hiranyapradaramardram jvalantim trptam tarpayantim |
padmesthitam padmavarnam tamihopa bvaye sriyam ||4||

चन्द्रां प्रभासा यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम्।
तां पद्मिनीं शरणं प्रपद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे॥5॥

Candram probhasam yasasa jvalantim sriyam loke devajustamudaram |
tam padminimim saranam pra padye alaksmirme nasyatam tvam vrne ||5||

आदित्यवर्णे तपसोऽधि जातो वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथ विल्वः।
तस्य फलानि तपसा नुदन्तु य अन्तरा याश्चबाह्या अलक्ष्मीः॥6॥

Adityavarne tapaso'dhi jato vanaspatistava vrkso'tha bilvah |
tasya phalani tapsa nudentu ya antara yasca bahya alaksmih ||6||

उपैतु मां देवसखः कीर्तिश्च मणिना सह ।
प्रादुर्भूतोऽस्मि राष्ट्रेऽस्मिन् कीर्तिमृद्धिं ददातुमे ॥7॥

Upaitu mam devasakhah kirtisca maninasaha |
pradurbhuto'smi rastre'smin kirtimrddhim dadatume ||7||

क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम्।
अभूतिमसमृद्धिं च सर्वां निर्णुद मे गृहात्॥8॥

Ksutpipasamalam jyesthamalaksmim nasayamyahem |
abhutimasamddhim ca sarvam nirnuda me grhat ||8||

गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोप ह्वयेश्रियम् ॥9॥

Gandhadvaram duradharsam nityapustam karisinim |
isvarim sarvabhtanam tamihopa hvayasriyam ||9||

मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमहि ।
पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्रीः श्रयतां यशः ॥10॥

Manasah kamamakutim vacah satyamasrmahi |
pasunam rupamannasya mayi srih srayatam yasah ||10||

कर्दमेन प्रजाभूता मयि सम्भवकर्दम ।
श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम् ॥11॥

Kardamena prajabhuta mayi sambha vakardam |
sriyam vasaya me kule mataram padmamalinim ||11||

आपः सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस मे गृहे।
नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले॥12॥

Apah srijantu snigdhani ciklita vasa me grhe |
ni ca devim mataram sriyam vasaya me kule ||12||

आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिङ्गलां पद्ममालिनीम् ।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह॥13॥

Ardram puskarinim pustim pingalam padmamalinim |
candram hiranmayim laksmim jatvedo maa vaha ||13||

आर्द्रां यः करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम्।
सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह ॥14॥

Ardram yah karinim yastim suvarnam hemamalinim |
suryam hiranmayim laksmim jatavedo ma a vaha ||14||

तां म आ वह जातवेदो लक्ष्मीमनपगमिनीम्।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योऽश्वान् विन्देयंपुरूषानहम्॥15॥

Tam ma a vaha jatavedo laksmimanpagaminim |
yasyam hiranyam prabhutam gavo dasyo'svan vindeyampurusanaham ||15||

यः शुचिः प्रयतोभूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम्।
सूक्तं पञ्चदशर्चं च श्रीकामः सततं जपेत् ॥16॥

Yah sucih prayatebhutvā juhuyadajyamanvaham |
suktam pancadasrcam ca srikamah satatam japet ||16||

पद्मानने पद्मविपद्मपत्रे पद्मप्रिये पद्मदलायताक्षि।
विश्वप्रिये विष्णु मनोऽनुकूले त्वत्पादपद्मं मयिसंनिधत्स्व॥17॥

Padmanane padmavipadmpatre padmapriye padmadalayataksi |
visvapriye visnumanukule tvatpadapadmam mayi sannidhatsva ||17||

पद्मानने पद्मऊरू पद्माक्षि पद्मसम्भवे।
तन्मे भजसि पद्माक्षि येनसौख्यं लभाम्यहम् ॥18॥

Padmanane padmauru padmaksi padmasambhave |
tanme bhajasi padmaksi yena saukhayam labhamyaham ||18||

अश्वआयि गोआयि धनदायि महाधने ।
धनं मे जुषतां देवि सर्वकामांश्च देहिमे॥19॥

Asvadayi godayi dhanadayi mahadhane |
dhanam me justam devi sarvakamansca dehime ||19 ||

पुत्रपौत्रधनंधान्यं हस्त्यश्वाश्वतरी रथम् ।
प्रजानां भवसि माता आयुष्मन्तं करोतु मे ॥20॥

Putrapautradhanam dhanyam hastyascasvatari ratham |
prajanam bhavasi mata ayusmantam keratu me ||20 ||

धनमग्निर्धनं वायुर्धनं सूर्योधनंवसुः ।
धनमिन्द्रो बृहस्पतिर्वरुणो धनमश्विना ॥21॥

Dhanamagnirdhanam vayurdhanam suryodhanam vasuh |
dhanamindro brhaspatirvaruno dhanamasvina ||21||

वैनतेय सोमं पिब सोमं पिबतु वृत्रहा ।
सोमं धनस्य सोमिनो मह्यं ददातु सोमिनः ॥22॥

Vainateya somam piba somam pibatu vrtraha |
somam dhanasya samino mahyam dadatu sominah ||22||

न क्रोधो न च मात्सर्यं न लोभो नाशुभा मतिः ।
भवन्ति कृतपुण्यानां भक्त्या श्रीसूक्तजापिनाम् ॥23॥

Na krodho na ca matsryam na lobho nasubha matih |
bhavanti krtapunyanam bhaktya srisuktajapinam ||23||

सरसिजनिलये सरोजहस्ते धवलतरांशुकगन्धमाल्यशोभे ।
भगवति हरिवल्लभे मनोज्ञे त्रिभुवनभूतिकरि प्रसीद मह्यम् ॥24॥

Sarasujanilye sarojahaste dhavalataramsukagndhamalyasobhe |
bhagavati hariballabhe manojne tribhuvanabhutikari prasida mahyam ||24||

विष्णुपत्नीं क्षमां देवीं माधवीं माधवप्रियाम् ।
लक्ष्मीं प्रियसखीं भूमिं न माम्यच्युतवल्लभाम् ॥25॥

Visnupatnim ksamam devim madhavim madhavapriyam |
laksmim priyasakhim bhumim namamyacyutavallabham ||25||

महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि ।
तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात ॥26॥

Mahalaksmyai ca vidmahe visnupatnyai ca dhimahi |
tanno laksmih pracodayat ||26||

आनन्दः कर्दमः श्रीदश्चिक्लीत इति विश्रुताः ।
ऋष्यः श्रियः पुत्राश्च श्रीर्देवीर्देवता मताः ॥27॥

Anandah kardamah sridasciklita iti visrutah |
rsayah sriyah putrasca srirdevidevta matah ||27||

ऋणरोगादि दारिद्र्यपापक्षुद्रपमृत्यवः ।
भयशोकमनस्ताचा नश्यन्तु मम सर्वदा ॥28॥

Rnarogadi daridryapapaksudrapamrtyavah |
bhayasokamanastapa nasyantu mama sarvada ||28||

श्रीर्वर्चस्वमायुष्यमारोग्यमाविद्याच्छोभमानं महीयते ।
धनं धान्यं पशुं बहुपुत्रलाभं शतसंवत्सरं दीर्घमायुः ॥29॥

Srirvarcasvamayuusyamarogyamavidhacchobhamanam mahiyate |
dhanam dhanyam pasum bahuputralabham satasamvatsaram dirghamayuh ||29||

॥ इति श्रीसूक्तं समाप्तम् ॥

धनमग्निर्धनं वायुर्धनं सूर्योधनंवसुः ।
धनमिन्द्रो बृहस्पतिर्वरुणो धनमश्विना ॥21॥

Dhanamagnirdhanam vayurdhanam suryodhanam vasuh |
dhanamindro brhaspatirvaruno dhanamasvina ||21||

वैनतेय सोमं पिब सोमं पिबतु वृत्रहा ।
सोमं धनस्य सोमिनो मह्यं ददातु सोमिनः ॥22॥

Vainateya somam piba somam pibatu vrtraha |
somam dhanasya samino mahyam dadatu sominah ||22||

न क्रोधो न च मात्सर्यं न लोभो नाशुभा मतिः ।
भवन्ति कृतपुण्यानां भक्त्या श्रीसूक्तजापिनाम् ॥23॥

Na krodho na ca matsryam na lobho nasubha matih |
bhavanti krtapunyanam bhaktya srisuktajapinam ||23||

सरसिजनिलये सरोजहस्ते धवलतरांशुकगन्धमाल्यशोभे ।
भगवति हरिवल्लभे मनोज्ञे त्रिभुवनभूतिकरि प्रसीद मह्यम् ॥24॥

Sarasujanilye sarojahaste dhavalataramsukagndhamalyasobhe |
bhagavati hariballabhe manojne tribhuvanabhutikari prasida mahyam ||24||

विष्णुपत्नीं क्षमां देवीं माधवीं माधवप्रियाम् ।
लक्ष्मीं प्रियसखीं भूमिं न माम्यच्युतवल्लभाम् ॥25॥

Visnupatnim ksamam devim madhavim madhavapriyam |
laksmim priyasakhim bhumim namamyacyutavallabham ||25||

महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि ।
तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात ॥26॥

Mahalaksmyai ca vidmahe visnupatnyai ca dhimahi |
tanno laksmih pracodayat ||26||

आनन्दः कर्दमः श्रीदश्चिक्लीत इति विश्रुताः ।
ऋष्यः श्रियः पुत्राश्च श्रीर्देवीर्देवता मताः ॥27॥

Anandah kardamah sridasciklita iti visrutah |
rsayah sriyah putrasca srirdevidevta matah ||27||

ऋणरोगादि दारिद्र्यपापक्षुद्रपमृत्यवः ।
भयशोकमनस्ताचा नश्यन्तु मम सर्वदा ॥28॥

Rnarogadi daridryapapaksudrapamrtyavah |
bhayasokamanastapa nasyantu mama sarvada ||28||

श्रीर्वर्चस्वमायुष्यमारोग्यमाविद्याच्छोभमानं महीयते ।
धनं धान्यं पशुं बहुपुत्रलाभं शतसंवत्सरं दीर्घमायुः ॥29॥

Srirvarcasvamayuusyamarogyamavidhacchobhamanam mahiyate |
dhanam dhanyam pasum bahuputralabham satasamvatsaram dirghamayuh ||29||

॥ इति श्रीसूक्तं समाप्तम् ॥

श्री बगलामुखी पद्धति

ॐ अस्य बगलामुखी मंत्रस्य नारदऋषिः बृहती छंदः बगलामुखी देवता सर्वाभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः॥

पूजन पद्धतिः – प्रातः नित्यनैमित्तिक कार्यं कृत्वा प्राणयामान्तं विधाय ऋष्यादिन्यासं कुर्यात् ।

अथ बगलामुखी प्रयोगविधिः –

ऋष्यादिन्यासः– ॐ नारदऋषये नमः शिरसि। ॐ बृहती छन्दसे नमः मुखे। ॐ बगलामुखी देवतायै नमः हृदि। ॐ ह्रीं बीजाय नमः गुह्ये।। ॐ स्वाहा शक्तये नमः पादयोः॥

नारदोऋृष्य ऋषिर्मूर्ध्नि त्रिाष्टुप्छन्दश्च तन्मुखे।
बगलामुखी देवतायै हृदये विन्यसेत्ततः॥
ह्लीं बीजं गुह्यदेशेतु स्वाहा शक्तिस्तु पादयोः।

करन्यासः – ॐ ह्लीं अगुष्ठाभ्यां नमः॥ ॐबगलामुखी तर्जनीभ्यां स्वाहा, ॐ सर्वदुष्टानां मध्यमाभ्यां वषट्। ॐ वाचं मुखं पदं स्तम्भय अनामिकाभ्यां हुम्। ॐ जिह्वांकीलय कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्। ॐ बुद्धिं विनाशय क्लीं। ॐ स्वाहा करतल करपृष्ठाभ्यां फट्।

हृदयादि न्यासः – ॐ ह्लीं हृदयाय नमः॥ ॐ बगलामुखी शिरसे स्वाहा। ॐ सर्वदुष्टानां शिखायै वषट्। ॐ वाचं मुखं पदं स्तम्भय कवचाय हुम्। ॐ जिह्वां कीलय नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा अस्राय फट्॥

ध्यानम् -

मध्ये सुधब्धि मणिमण्डप रत्नवेदी,
सिंहासनो करिगतां परिपीतवर्णाम्।
पीताम्बराभरणमाल्य विभूषिताङ्गी,
देवीं स्मरामि धृतमुद्गर वैरिजिह्वाम्॥

जिह्वाग्रमादाय करेण देवीं वामेन शत्रून् परिपीड़यन्तीम।
गदाभिघातेन च दक्षिणेन पीताम्बराढ्यां द्विभुजानमामि॥

एवं ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्यः (ध्यानकर के नीचे लिखे मन्त्रों से मानसोपचार से पूजा करें।)

मानसोपचार पूजन :-

ॐ लं पृथिव्यात्मकेन गंधं समर्पयामि।

ॐ हं आकाशात्मकेन पुष्पं समर्पयामि।

ॐ यं वायव्यात्मकेन धूपं समर्पयामि।

ॐ रं तेजात्मकेन दीपं दर्शयामि।

ॐ वं अमृतात्मकेन नैवेद्यं परिकल्पयामि।

ॐ सं सर्वात्मकेन मंत्रपुष्पांजलिं नमस्काराणि समर्पयामि॥

बहिपूजामारभेत (बाह्यपूजा करे)

अष्टांगुलं च तुरस्त्रं विधाय ईशानादिकोणेषु पूर्वादिदिक्षु च कुसुमाक्षत रक्तचंदनैः॥ ॐ ग्लौं गणपतये नमः॥ गणेशं सम्पूज्य-जलेन मधुना अर्घपात्रमापूरयेत् ततो त्रिवारं विद्यया सम्पूज्य अंगानि विन्यसेत्। ततो धेनु-योनिमुद्रां प्रदर्शयेत्। मूलमुच्चार्य- आधारशक्तिं पूजयेत् -

आठ अंगुल का चौकोर यंत्र लिखें या बनवावें ईशानादिकोणों से पूर्वादि क्रम से कुसुम (पुष्प) अक्षत रक्त चन्दन से "ग्लौं गणपतये नमः" से गणेश का पूजन कर अर्घपात्र को जल मधु से पूर्ण कर तीन बार विद्या मंत्र से संपूज्य अर्घ देकर अंगों का विन्यास कर धेनु और योनिमुद्रा का प्रदर्शन कर मूलमंत्र का उच्चारण कर आधार शक्तियों का पूजन करें -

आधारशत्तिफ कमलासनायनमः। एवं शत्तिफ पङ्कासनाय नमः। पूर्वाध्यात्वार पीठे आवरणं आवाह्य षडङ्गानि न्यसेत्। ततो मुद्राम्प्रदर्शय-पुरतः षङ्केन मण्डलं यजेत्। ततो मूलमंत्रं मंत्रायित्वा-धेनु-योनिमुद्रां प्रदर्श्य आत्मविद्या, शिवैस्तवैः विंदुत्रायम्मुखंक्षिप्त्वा तर्जन्यंगुष्ठयोगेन सांगावरणां बगलामुखीं तर्पयेत्। ततो यथो पचारैः सम्पूज्य आवरणपूजां आरभेत-

आधारशक्ति कमलासनाय नमः एवं शक्ति पद्मासनाय नमः से पूजन कर पूर्व की तरह ध्यान आवरण पूजन आवाह्य- आवाहन करे, षडङ्गन्यास करें, मुद्राओं का प्रदर्शन करे, फिर षडङ्ग से मंडल का पूजन करे। मूलमंत्र से अभिमंत्रित करें। धेनु मुद्रा, योनि मुद्रा का प्रदर्शन करें। आत्मविद्या, शिवविद्या, स्तव-पूजन, बिंदुत्रय मुख पर तर्जनी अंगुष्ठ योग से सांगावरण बगलामुखी का तर्पण करे और यथा मिलितोपचार द्रव्यों से पूजन करे। आवरण देवता का पूजन प्रारम्भ करें।

षट्कोणेषु-पूर्वे-ॐ सुभगायै नमः। आग्नेये-ॐ भगसर्पिण्यै नमः। ईशाने-ॐ भगवाहायै नमः। पश्चिमे-ॐ भगसिद्धायै नमः। नैर्ऋते-ॐ भगपातिन्यै नमः। वायवे-ॐ भगमालिन्यै नमः।

ततोऽष्टदलपत्रेषु-बाह्यष्टौ शक्तिः पूजयेत्-पत्राग्रेषु पूर्वतः ॐ जयायै नमः। ॐ विजयायै नमः। ॐ अजितायै नमः। ॐ अपराजितायै नमः। ॐ स्तंभिन्यै नमः। ॐ जृम्भिन्यै नमः। ॐ मोहिन्यै नमः। ॐ आकर्षिण्यै नमः।

ततो द्वारेषु-ॐ भैरवाय नमः॥ तद्बाह्य-इन्द्रादीन् वज्रादींश्च पूजयेत्-पूर्वादि क्रमेण गणेशादीन् पूजयेत्-यथापूर्वे-ॐ गणेशाय

नमः। दक्षिणे - ॐ बटुकाय नमः। पश्चिमे - ह्रीं योगिन्यै ततो बाह्ये सायुधायइन्द्रादीन् दशदिक्पालान्पूजयेत्। पूर्वे-ॐ इन्द्राय नमः, वज्राय नमः। आग्नेय-ॐ अग्नये नमः। दक्षिणे-ॐ यमाय नमः, दण्डाय नमः। नैऋते-निर्ऋतये नमः खड्गाय नमः। पश्चिमे-ॐ वरुणाय नमः पाशाय नमः। वायवे-ॐ वायवे नमः अङ्कुशाय नमः। पूर्वेशानयोर्मध्ये - ॐ अनन्ताय नमः, चक्राय नमः। निर्ऋतिवरुणयोमध्ये - ॐ ब्रह्मणे नमः, पद्माय नमः॥

ततो मूलमंत्रेण धूपादिकं दत्वा यथाशक्ति जपं कुर्यात्-त्रिशूलमद्रां प्रदर्श्य पुष्पाञ्जलित्रयं दत्वा देव्यै योनिमुद्रां प्रदर्शयेत्। ततो भैरवाय बलिंदद्यात्। ततो विसर्जनान्तं कर्म समापयेत्। अस्याः पुरश्चरणं लक्षमात्रं जपः।

।। इति पद्धतिः ।।

॥ अथ बगलामुखी कवचम् ॥

श्रुत्वा च बगला पूजां स्तोत्रं चापि महेश्वर ।
इदानीं श्रोतुमिच्छामि कवचं वद मे प्रभो ! ॥1॥

हे महेश्वर-मैने बगलामुखी देवी की पूजा तथा स्तोत्र सुना अब मै (शरीर रक्षार्थ) कवच सुनना चाहता/चाहती हूँ।

वैरिनाशकरं दिव्यं सर्वाऽशुभ विनाशनम्।
शुभदं स्मरणात्पुण्यं त्राहिमां दुःख नाशनम्॥2॥

जिससे शत्रुओं का तथा सभी प्रकार के अशुभ (अनिष्टों) का विनाश किया जाने वाला हो। जिसके केवल स्मरण मात्र से सर्व प्रकार के पुण्य मिलते हैं और दुःख का नाश होता है। भैरव उवाच :-

कवचं शृणु वक्ष्यामि भैरवि प्राणवल्लभे ।
पठित्वा धारयित्वा तु त्रौलोक्ये विजयी भवेत्॥3॥

भैरव ने कहो - हे प्राणवल्लभ भैरवी! मैं कवच को तुमसे कहता हूँ उसे सुनो। जिसे पढ़ तथा धारणकर मनुष्य तीनों लोकों में विजयी होता है। इस विनियोग को पढ़कर जल छोड़े। वनियोगः -

ॐ अस्य श्री बगलामुखी कवचस्य नारद ऋषिः अनुष्टुप् छंद॥ श्री बगलामुखी देवता लं बीजम् । ऐं कीलकं। पुरुषार्थ चतुष्टय सिद्धयर्थं जपे विनियोगः॥

कवचारम्भः -

शिरो मे बगला पातु हृदयैकाक्षरी परा।
ॐ ॐ में ललाटे च बगला वैरिनाशिनी॥1॥

शिर की रक्षा बगला देवी करें, हृदय की एकाक्षरी रक्षा करें। ललाट की रक्षा त्रयक्षरी वैरिनाशिनी बगला देवी करें।

गदा हस्ता सदा पातु मुखं मे मोक्षदायिनी।
वैरि जिह्वाधरा पातु कण्ठं मे बगलामुखी ॥2॥

गदा हस्त है जिसके ऐसी मोक्षदायिनी मुख की रक्षा करें। वैरियों की जिह्वा को पकड़ने वाली कण्ठ की रक्षा बगलामुखी करें।

उदरं नाभिदेशे च पातु नित्यं परात्परा।
परात्परतरां पातु मम गुह्यं सुरेश्वरी ॥3॥

पेट की और नाभि की रक्षा तथा मेरे गुप्तांगों की रक्षा परात्परा बगलामुखी देवी करें।

हस्तौ चैव तथा पातु पार्वती परिपातु मे।
विवादे विषमे घोरे संग्रामे रिपुसंकटे ॥4॥

पीताम्बराध्रापातु सर्वाङ्ग शिवनर्तकी।
श्रीविद्या समयं पातु मातंगी पूरिता शिवा ॥5॥

हाथों-पैरों की रक्षा पार्वती, विवाद समय में कठिन स्थान में शत्रुसंकट प्राप्ति होने पर, संग्राम में मेरे सभी अङ्गों की पीतवस्त्रधारी पीताम्बरा, शिवनर्तकी रक्षा करें। श्रीविद्या, समय पाकर पास से मेरी रक्षा करें। सभी की पूर्ति मातंगी और शिवा करें।

पातु पुत्रं सुतांश्चैव कलत्रं कालिका मम।
पातु नित्यं भ्रातरं मे पितरं शूलिनी सदा ॥6॥

पुत्र स्त्री की रक्षा कालिका-देवी करें। नित्य भाई-पिता की रक्षा शूलिनी देवी करें।

रंढेहि बगला देव्याः कवचं मन्मुखोदितम्।
न वै देयममुख्याय सर्वसिद्धि प्रदायकम् ॥7॥

हे भैरवि-मेरे मुख के द्वारा कहे इस बगलाकवच को-जो सर्वसिद्धि को देने वाला है - अनाधिकारी को न बतावे।

पठनाद्धारणादस्य पूजनाद्वाञ्छितं लभेत्।
इदं कवचमज्ञात्वा यो जपेद् बगलामुखीम् ॥8॥

पिबन्ती शोणितं तस्य योगिन्यः प्राप्य सादराः ।
वश्ये चाकर्षणे चैव मारणे मोहने तथा ॥9॥

महाभये विपत्तौ च पठेद्वा पाठयेत्तु यः ।
तस्यसर्वार्थ सिद्धिः पार्वती ॥10॥

इस कवच को पढ़ने तथा, धारण करने, पूजन करने से सर्वप्रकार का वाञ्छित फल प्राप्त करता है। जो इस कवच को नहीं जानकर जपता है। उसके रक्त को योगिनियाँ प्रसन्नता से पान करती है। हे पार्वती ! वश करने में, आर्कषण में, मारण, मोहन, महाभय तथा विपत्ति आने पर इस कवच को जो पढ़ता है, वह इस कवच की भक्ति के द्वारा सम्पूर्ण मनोरथ को प्राप्त करता है।

।। इति रुद्रयामले बगलामुखीकवचं भाषाटीकासहितं सम्पूर्णम्।।

॥ अथ बगलामुखीस्तोत्र पाठविधिः ॥

अब स्तोत्र का पाठ करने के पूर्व नीचे लिखे विनियोग को पढ़कर जल छोड़े -

ॐ अस्य श्रीबगलामुखीस्तोत्रस्य भगवान्नारदऋषिः बगलामुखी देवता ममसन्निहितानां दुष्टानां विरोधिनांवाङ्मुख-मदजिह्वाबुद्धीनां स्तम्भनार्थे श्रीबगलामुखीवरप्रसादसिद्धयर्थे जपे विनियोगः ॥

करन्यास नीचे लिखे बीज मन्त्रों से करें।

(करन्यासः)- ॐ ह्लीं अगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ बगलामुखी तर्जनीभ्यां नमः। ॐ सर्वदुष्टानां मध्यमाभ्यां वषट्॥ ॐ वाचं मुखं पदं स्तम्भय अनामिकाभ्यां हुम्। ॐ जिह्वां कीलय कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्॥ ॐ बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा-करतलकरपृष्ठाभ्यां फट॥

हृदयादिन्यास-नीचे लिखे बीज मन्त्रों से करें।

(हृदयादिन्यासः)- ॐ ह्लीं हृदयाय नमः। ॐ बगलामुखी शिरसे स्वाहा। ॐ सर्वदुष्टानां शिखायै वषट्। ॐ वाचं मुखं पदं स्तम्भय कवचाय हुं। ॐ जिह्वां कीलय नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ बुद्धि विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा अस्त्राय फट्।

अथ ध्यानम् :-

सौवर्णासनसंस्थितां त्रिनयनां पीतांशुकाल्लासिनीं,
हेमाभांग रुचि शशांकमुकुटां स्रक्चम्पकस्रग्युतां।

हस्तैर्मुद्गरपाशबद्धरसनां संबिभ्रतीं भूषणै-
र्व्याप्तांगींबगलामुखींत्रिजगतां संस्तंभिनींचिन्तये ॥1॥

सुवर्णासन पर तीन नेत्रों वाली, पीताम्बरा, सुवर्णकान्ति सदृश चन्द्रमुकुट धारिणी, चम्पा की माला पहने, हाथ में-मुद्‌गर, पाश, जिह्वा बांधें, प्रत्येक अंगों को आभूषणों से सज्जित कर तीनों लोकों को स्तंभित करने वाली जो पीताम्बरा देवी बैठी है मै उनका चिन्तन करता हूँ।

यथाशक्ति या कामनानुसार मंत्र का जप करें।

अथ मन्त्रः -

"ॐ ह्लीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तंभय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा।।"

ॐ मध्ये सुधाब्धिमणिमण्डलरत्नवेद्यां,
सिंहासनोपरिगतां परिपीतवर्णाम्।

पीताम्बरा भरणमाल्यविभूषितांगीं,
देवीं भजामि धृतमुद्‌गरवैरिजिह्वाम्॥1॥

समुद्र के अमृतमणियों से सजी हुई मण्डप की रत्नजड़ित चौकी पर स्वर्ण सिंहासन पर बैठी पीतवर्णा, पीताम्बरा सर्वाभरणाभूषणों से सुशोभित सुन्दर अंङ्गो वाली शत्रु की जिह्वा पकड़े, मुद्‌गर हाथ में लिये हैं ऐसी पीताम्बरा देवी को मै भजता हूँ।

जिह्वाग्रमादाय करेण देवी,
वामेन शत्रून् परिपीडयन्तीम्।
गदाभिघातेन च दक्षिणेन,
पीताम्बराढ्यां द्विभुजां भजामि॥2॥

वामहस्त से शत्रुजिह्वा का अग्रभाग तथा दक्षिणहस्त में मुद्‌गर से शत्रु को पीड़ा देने वाली पीताम्बर से सुशोभित दो भुजाओं वाली भगवती पीताम्बरा देवी को मैं भजता हूँ।

चलत्कनककुण्डलोल्लसित चारु गण्डस्थली,
लसत्कनकचम्पकद्युतिमदिन्दु बिम्बाननाम्।

गदाहतविपक्षकांकलितलोलजिह्वाञ्चलाम् ,
स्मरामि बगलामुखीं विमुखवाङ्मनस्स्तंभिनीम् ॥3 ॥

स्वर्ण कुण्डलों के कम्पन होने से सुशोभित कपोलोंवाली, स्वर्णप्रभ चम्पा पुष्प सेद्युतियुक्त, चन्द्रबिंब सदृश मुखवाली, गदा से मारा है शत्रु को तथा शत्रु की चंचल जिह्वा को नष्ट कर दिया है तथा शत्रु की वाणी,मन,मुख का स्तंभन किया है जिसने एसी बगलामुखी पीताम्बरा को मैं भजता हूँ।

पीयूषोदधिमध्यचारुविलसद्रक्तोत्पले मण्डपे,
सत्सिंहासनमौलिपातितरिपुं प्रेतासनाऽध्यासिनीम् ।

स्वर्णाभांकरपीडितारिरसनां भ्राम्यद्गदां विभ्रमा,
मित्थं ध्यायति यान्ति तस्य विलयं सद्याऽद्य सर्वापदः ॥4 ॥

समुद्र मध्य में रक्त कमल के मण्डप में सिंहासन पर विराजी शत्रुओं के शीशों को गिरा, प्रेतासनों पर बैठी, स्वर्ण समान प्रकाश युक्त शत्रु-जिह्वा को पीड़ित करने वाली, गदा को घुमाती हुई भगवती पीताम्बरा बगलामुखी का ध्यान मात्र से ही संपूर्ण आपत्तियों का क्षणमात्र में नाश होता है ऐसी पीताम्बरा को मैं भजता हूँ।

देवि त्वच्चरणाम्बुजार्चनकृते यः पीतपुष्पाञ्जलीन् ।
भक्त्या वामकरे निधायचपुनः मन्त्रं मनोज्ञाक्षरम् ॥

पीठध्यानपरोऽथ कुम्भकवशाद्बीजं स्मरेत् पार्थिवः ।
तस्यामित्रमुखस्य वाचि हृदये जाड्यं भवेत् तत्क्षणात् ॥5 ॥

हे देवि ! जो भक्ति श्रद्धा के साथ आपके चरणों के पूजन में पीतपुष्प की अंजली अर्पण करता है और सुन्दर स्पष्टाक्षरों से मन्त्र का ध्यान करता है तथा आपके कुंभक वशाद् बीजमन्त्रों का स्मरण करता है उस मनुष्य को शत्रु की पीड़ा-वाणी-मन एवं हृदय से जिस प्रकार की हो उसी क्षण नष्ट हो जाती है।

वादी मूकति रंकति क्षितिपतिर्वैश्वानरः शीतति ।
क्रोधी शाम्यति दुर्ज्जनः सुजनति क्षिप्रानुगः खंजति ॥

गर्वी खर्वति सर्वविच्च जडति त्वद्यन्त्रणायंत्रितः।
श्रीर्नित्ये बगलामुखि प्रतिदिनं कल्याणि तुभ्यं नमः ॥ 6 ॥

हे देवि ! आपके द्वारा-शत्रु की वाणी मूक होती है। राजा भी रंक हो जाता है, प्रज्वलित अग्नि ठण्डी पड़ती है। क्रोधी का क्रोध शान्त होता है। दुर्जन सज्जन होता है। शीघ्रगामी लँगड़ा होता है। घमण्डी का घमण्ड चूर होता है। सर्वज्ञ शत्रु भी जड़वत् हो जाता है। आपका नियंत्रण संपूर्ण विश्व को नियन्त्रित करता है। हे लक्ष्मी ! हे नित्ये ! हे बगलामुखि ! हे कल्याणी ! तुमको प्रणाम करता हूँ।

मन्त्रस्यात्मबलं विपक्षदलनं स्तोत्रं पवित्रं च ते,
यन्त्रं वादिनियन्त्रणं त्रिजगतां जैत्रं च चित्रं च ते।

मातः श्रीबगलेतिनामललितं यस्यास्ति जन्तोर्मुखे,
त्वन्नामग्रहणेन संसदि मुखस्तम्भो भवेद्वादिनाम् ॥7 ॥

हे मातः ! आपके मन्त्र के आत्मबल से शत्रुओं का दलन होता है। आपका स्तोत्र अत्यन्त पवित्र है एवं आपका यह मन्त्र वादी दल को नियन्त्रित करने वाला है। अति विचित्र त्रैलोक्य को जीतने वाला है, आपका यह अत्यन्त सुन्दर बगलामुखी नाम जिस जंतु के मुख में रहता है अथवा जो प्राणी आपका तथा आपके इस मंत्र का स्मरण करता है उसके शत्रुओं के मुख का अवश्य स्तंभन हो जाता है।

दुष्टस्तम्भनमुग्रविघ्नशमनं, दारिद्र्यविद्रावणम्,
भूभृन्द्वीशमनं चलन्मृगदृशाञ्चेतः समाकर्षणम्।

सौभाग्यैकनिकेतनं समदृशां कारुण्यपूर्णाऽमृतम्,
मृत्योर्मारणमाविरस्तु पुरतो मातस्त्वदीयं वपुः ॥8 ॥

हे मातः ! दुष्टों को स्तंभन करने वाला, कठिन विघ्नों का विनाश करने वाला, दरिद्रता को दूर करने वाला, राजाओं के भय का नाश करने वाला, सुन्दरियों के मन को आर्कषण करने वाला तथा सौभग्यदायक भवन, करुणा से भरा अमृत रूप मृत्यु का नाश करने वाला आपके शरीर का मैं दर्शन करूँ।

मानंभञ्जय मे विपक्षवदनं जिह्वां च संकीलय,
ब्राह्मीं मुद्रय नाशयाशुधिषणामुग्रां गतिं स्तम्भय।

शत्रूंश्चूर्णय देवि ! तीक्ष्णगदया गौरांगि पीताम्बरे !,
विघ्नौघं बगले हर प्रणमतां कारुण्यपूर्णेक्षणे ! ॥9॥

हे मातः ! मेरे शत्रु के मुख को तोड़ उनकी जिह्वा को कीलित करो, उनकी समस्त बुद्धि के विकास को नष्ट कर दो तथा वाणी एवं शीघ्रगामी गति का शीघ्र स्तंभन करो। हे देवि! हे गौरांगि, ! हे पीताम्बरे, ! हे करुणापूर्ण नेत्रो ! हे भगवति बगले! अपनी कठिन गदा के प्रहार से शत्रुओं का चूर्ण कर हमारे सभी विघ्नों का नाश कर दो।

मातर्भैरवि भद्रकालि विजये वाराहि विश्वाश्रये,
श्रीविद्ये समये महेशि बगले कामेशि रामे रमे।

मातंगि त्रिपुरे परात्परतरे स्वर्गापवर्गप्रदे,
दासोऽहं शरणागतः करुणया विश्वेश्वरि त्राहिमाम ॥10॥

हे मातः! हे भैरवि! हे भद्रकालिः! हे विजये! हे वाराहि! हे विश्वाश्रये! हे लक्ष्मि! हे श्री! हे विद्ये! हे समये! हे महेशि! हे बगले! हे कामेशि! हे रामे! हे रमे! हे मातङ्गि! हे त्रिपुरसुन्दरि! हे मरात्परतरे! हे स्वर्गापवर्गप्रदे! हे विश्वेश्वरि! मैं तुम्हारा दास हूँ तुम्हारी शरणागत हूँ। देवी पीताम्बरा आप मेरी रक्षा करो।

फलस्तुति :-

संरम्भे चौरसंघे प्रहरणसमये बन्धने वारिमध्ये,
विद्यावादे विवादे प्रकुपितनृपतौ दिव्यकाले निशायाम्।

वश्ये वा स्तम्भने वा रिपुवधसमये निर्जने वा वने वा,
गच्छंस्तिष्ठंस्त्रिकालंयदि पठति शिवंप्राप्नुयादाशुधीरः ॥11॥

युद्ध में, चौरों के संघ में, प्रहार के समय में, बन्धन में, जल के मध्य में, शास्त्रार्थ में, विवाद में, राजा के कुपित होने में, रात्रि में, सुन्दर अवसर वशीकरण में, स्तम्भन समय में, निर्जन स्थान में, वन में। चलते-बैठते हर समय जो त्रिकाल इस स्तोत्र का पाठभक्ति श्रद्धा से करता है वह निश्चय ही हर आपत्तियों से छुटकारा पाता है।

नित्यं स्तोत्रमिदं पवित्रमिह यो देव्याः पठत्यादराद्-
धृत्वा यन्त्रमिदं तथैव समरे बाहौ करे वा गले।
राजानोऽप्यरयो मदान्धकरिणः सर्पाः मृगेन्द्रादिका-
स्तेवैयान्ति विमोहितां रिपुगणाः लक्ष्मीः स्थिरांसिद्धयः ॥12 ॥

जो मनुष्य इस पवित्र स्तोत्र का सम्मान सहित नित्यप्रति पाठ करता है। इस यंत्र को तथा मंत्र को अपनी भुजा तथा गले में धारण करता है। उसके सामने राजा-शत्रु-मतवाला हाथी-सर्प-सिंह सब वश में होते हैं। उसके शत्रु स्वयं मोहित होते हैं, लक्ष्मी भी स्थिर होती है। स्थिर सिद्धि प्राप्त होती है।

त्वं विद्या परमा त्रिलोकजननी विघ्नौघविच्छेदिनीं,
कोषाकर्षणकारिणी त्रिजगतामानन्द सम्वर्धिनी।
दुष्टोच्चाटनकारिणीं जनमनस्संमोह संदायिनी,
जिह्वाकीलनभैरवि ! विजयते ब्रह्मादिमन्त्रो यथा ॥13 ॥

हे मातः ! तुम परम विद्या हो, त्रिलोक की माता हो, विघ्नों का नाश करने वाली हो, तुम खजानों को भरने वाली हो, आकर्षणं करने वाली हो। त्रिलोक में व्याप्त हो। सर्वत्र आनन्द को बढ़ाने वाली हो। दुष्टों का उच्चाटन करने वाली हो, सभी प्राणिमात्र के मन को वश में करने वाली हो। दुष्टों का उच्चाटन करने वाली हो। शत्रुओं की जिह्वा को अति निपुणता से कीलित करती हो। हे भैरवि ! जिस प्रकार ब्रह्मा आदि देवताओं के मंत्र सर्वदा विजयप्रद होते हैं उसी प्रकार आपका भी यह मंत्र सर्वदा विजय कराता है।

विद्या लक्ष्मीः सर्वसौभाग्यमायुः,
पुत्रो पौत्रो सर्व साम्राज्यसिद्धिः।

मानं भोगो वश्यमारोग्य सौख्यं,

प्राप्तं तत्तदभूतलेऽस्मिन्नरेण ॥14 ॥

आपके स्तोत्र को श्रवण करने तथा पाठ करने से विद्या, लक्ष्मी, सभी सौभाग्य, आयु, पुत्र, पौत्र, सभी प्रकार के साम्राज्य, सिद्धि मान-ऐश्वर्य-वशीकरण-आरोग्यता-सुख आदि सभी दुर्लभ वस्तु इस पृथ्वी पर आपकी केवल आराधना मात्र से ही सुलभ होते हैं।

यत्कृतं जपसन्नाहं गदितं परमेश्वरि !।
दुष्टानां निग्रहार्थाय तद्गृहाण नमोऽस्तुते ॥15 ॥

हे देवि ! हे परमेश्वरि ! आपके जप करने वाले तथा मुझसे जो कहा गया मंत्र है उससे दुष्टों का नाश होता है। हे भगवति ! इसे ग्रहण कीजिये। आपको मेरा-बारम्बार नमस्कार है।

ब्रह्मास्त्रमिति विख्यातं त्रिषु लोकेषु विश्रुतम्।
गुरुभक्ताय दातव्यं न अभक्ताय न कश्चन ॥16 ॥

यह आपका स्तोत्र ब्रह्मास्त्र की भांति तीनों लोकों में प्रसिद्ध है। इस स्तोत्र को जो गुरु का भक्त हो उसी को देना चाहिये। अभक्त को नहीं देना चाहिये।

पीताम्बरां च द्विभुजां त्रिनेत्रां गात्रकोज्वलाम्।
शिलामुद्गर हस्ताञ्च स्मरेत्तां बगलामुखीम् ॥17 ॥

हे पीताम्बरा देवी, दो भुजाओं वाली, तीन नेत्रों वाली, उज्ज्वल शरीर वाली, शिला मुद्गर धारण करने वाली है। ऐसी जो बगलामुखी हैं उनका निरन्तर स्मरण करना चाहिए।

॥ सांख्यायन तंत्रोक्त बगलामुखी स्तोत्रम् सम्पूर्णम् ॥

(इति शुभम्)

॥ अथ द्वितीयोअध्यायः ॥

श्री बगलामुखी देवी पूजा विधि :-

बायें हाथ में जल लेकर दायें हाथ से अपने शरीर पर डालते हुए निम्नलिखित मन्त्र पढ़े।

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोपिवा।
यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः ॥

भावार्थ :- मनुष्य अपवित्र हो या पवित्र अथवा किसी भी दशा में स्थित हो जो पुण्डरीकाक्ष (कमलनयन) भगवान विष्णु का स्मरण करता है। वह बाहर और भीतर सब ओर से शुद्ध हो जाता है।

ॐ पृथ्वीत्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुनाधृता।
त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम् ॥

भावार्थ :- हे पृथ्वी देवी तुमने सम्पूर्ण लोको को धारण कर रखा है। और भगवान विष्णु ने तुमको धारण किया है। हे देवी! तुम मुझे धारण करो और मेरे आसन को पवित्र कर दो। इसके बाद पीला तिलक अपने ललाट पर लगायें, तत् पश्चात्

ॐ केशवाय नमः स्वाहा,

ॐ नारायणाय नमः स्वाहा,

ॐ माधवाय नमः स्वाहा

इन तीन मन्त्रों को पढ़कर प्रत्येक से एक एक बार पवित्र जल से आचमन करें।

ॐ गोविन्दाय नमः

यह मन्त्र पढ़कर हाथ धोले। शिखा बन्धन मन्त्र - शिखा बांधकर सभी कर्म करने चाहिये। इसलिए नीचे लिखे मन्त्र से या गायत्री मन्त्र से शिखा बांधे। यदि शिखा न हो तो शिखा स्थान का स्पर्श करें।

चिद्रूपिणि ! महामाये ! दिव्य तेजसमन्वित।
तिष्ठ देवि शिखामध्ये तेजो वृद्धिं कुरुष्व मे॥

हाथ में पीत पुष्प लेकर स्वस्ति वाचन करें।

स्वस्तिनऽइन्द्रो वृद्धश्रवाः, स्वस्तिनः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्तिनस्तार्क्ष्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्द्दधात॥

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव! सर्व कार्येषु सर्वदा॥

पुष्पों को गणेश जी पर चढ़ाकर हाथ में जल, पीत अक्षत, पुष्प लेकर संकल्प करें। संकल्प :-

